Title: Raised to congratulate Shri Vishwanath Anand on receiving `Chess Oscar Award' and need to celebrate 29th August, the birthday of Major Dhyanchand, a Hockey player as National Sports Day and announce `Bharat Ratna' for him.

श्री चेतन चौहान (अमरोहा) : अध्यक्ष जी, इस हाउस में सब की चर्चा होती है, लेकिन कभी खिलाड़ियों की चर्चा नहीं होती, यह बड़े दुख की बात है।

मैं आपके माध्यम से एक अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय यहां पर रेज़ करना चाहता हूं। श्री विश्वनाथन आनंद, जो भारत के चैस के खिलाड़ी हैं, जिनका नाम भारत में ही नहीं,बल्कि पूरी दुनिया में है, उनको अभी पिछले हफ्ते चैस ऑस्कर एवार्ड मिला है।

मैं विश्वास रखता हूं कि पूरा हाउस मेरे साथ उनको बधाई देगा।

This is the highest international award given to a chess player. This is more creditable because he is not a world's number one player so far, but still, he has been rated as the best chess player of 1997 in the world. I congratulate him.

दूसरा मैं कहना चाहूंगा कि भारत के और विश्व के एक खिलाड़ी मेजर ध्यान चन्द थे। उनका २९ अगस्त को जन्म दिवस है। यहां भारत सरकार में यह तय हुआ था कि उनके जन्म दिवस २९ अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस घोषित किया जायेगा। इसको घोषित किया भी गया, लेकिन उसमें कोई कार्रवाई नहीं हुई। जैसा हम सब लोग जानते हैं, मेजर ध्यान चन्द हाकी के खिलाड़ी थे और लगभग १०-१२ वर्ष तक उन्होंने दुनिया पर राज किया। उनकी जो हॉकी स्टिक थी, वह जादू की स्टिक मानी जाती थी।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से यह निवेदन है कि २९ अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस घोषित किया जाये और इस दिन को, २९ अगस्त को खेल की प्र तियोगिताएं, चाहे वे नेशनल लेविल की हों, कालेज या स्कूल स्तर के गेम्स हों, इस प्रकार की प्रतियोगिताएं देश भर में आयोजित की जायें। दूसरे मेजर ध्यान चन्द जी को भारत रत्न देने का एक प्रस्ताव चल रहा है। उनको भारत रत्न का पुरस्कार भी घोषित किया जाये और दिया जाये, मैं यह भी मांग करता हूं।

... (व्यवधान)

KUMARI MAMATA BANERJEE (CALCUTTA SOUTH): Mr. Speaker, Sir, the hon. Minister of State in the Ministry of Parliamentary Affairs is present here. He should respond to it... (Interruptions)

SHRI TARIT BARAN TOPDAR (BARRACKPORE): Sir, both these proposals of Shri Chetan Chauhan should be accepted by the Government.

">

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा योजना और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक): अध्यक्ष जी, माननीय चेतन चौहान जी ने जो बात कही है और सारे सदन की भी यह भावना है, मैं यह भावना मानव संसाधन मंत्री जी के पास पहुंचा दूंगा और इस सम्बन्ध में उचित कार्यवाही की जाए, ऐसा प्रयास किया जाएगा।

KUMARI MAMATA BANERJEE : About Vishwanathan Anand, you should do it... (Interruptions)